देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 08.01.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए।
- नई दिल्ली में कल से आयोजित होने वाले विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में उत्तराखण्ड के प्रतिभागी दल को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने फ्लैग ऑफ किया।
- राष्ट्रीय बाल स्वास्थ कार्यक्रम के तहत चम्पावत में निःशुल्क बहुउद्देशीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन।
- पिथौरागढ़ जिले के बिण विकासखंड में आयोजित किसान दिवस में काश्तकारों को खेती की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी गई।

**<u>मुख्यमंत्री समीक्षा</u>**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए चलाए जा रहे अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में आज देहरादून जिले के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि प्रदेश की एक–एक इंच सरकारी जमीन जनता की संपत्ति है और उस पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्ज़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ विकास कार्यों को समयबद्ध पूरा करें। उन्होंने कहा कि "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" अभियान के तहत नागरिकों की समस्याओं का तत्काल समाधान करना, सरकार की प्राथमिकता है। इस अभियान के माध्यम से सरकार जनता के पास पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुन रही है और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रही है। मुख्यमंत्री ने परिवार रजिस्टर, आयुष्मान कार्ड और बिजली कनेक्शन की गहन जांच करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सरकारी योजनाओं का लाभ केवल पात्र नागरिकों को ही मिले। उन्होंने कहा कि फर्जी दस्तावेज़ों के आधार पर अनियमितता सामने आने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## राज्यपाल/फ्लैग ऑफ

नई दिल्ली में कल से 12 जनवरी तक आयोजित होने वाले विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में उत्तराखण्ड के प्रतिभागी दल को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज लोक भवन से फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा उत्तराखण्ड की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने का जो उन्हें अवसर मिला है, उसका बेहतर लाभ उठाएं। इस कार्यक्रम में राज्य के 76 युवाओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगी विधाओं में प्रतिभाग किया जा रहा है। इनका चयन कई स्तरों की प्रतियोगिताओं के बाद किया गया है। सांस्कृतिक विधाओं में क्षेत्र पंचायत स्तर और जिला स्तर की प्रतियोगिताओं के बाद राज्य स्तर पर आयोजित युवा महोत्सव में सफल 24 प्रतिभागियों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग किया जा रहा है। गौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष स्वामी विवेकानन्द के जन्मोत्सव पर राष्ट्रीय स्तर पर युवा महोत्सव का आयोजन किया जाता है।

## केंद्र स्वीकृति

पौड़ी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग–534 के दुगड्डा से गुमखाल तक 18 किलोमीटर खंड को टू–लेन में विकसित करने के लिए केंद्र सरकार ने 392 करोड़ 52 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्र का आभार जताते हुए कहा कि यह क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन में प्रदेश में सड़क कनेक्टिविटी को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र में सुरक्षित, सुगम व तेज़ आवागमन सुनिश्चित करते हुए विकास, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति देगी।

## खाद्य सुरक्षा कार्यशाला

हरिद्वार में आज खाद्य सुरक्षा को लेकर एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में होटल व रेस्टोरेंट कर्मियों और खाना बनाने वाले कारीगरों को खाद्य सुरक्षा के मानकों के बारे में जागरूक किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग के उपायुक्त गणेश कंडवाल ने बताया कि कुंभ के दृष्टिगत हरिद्वार में खाद्य सुरक्षा को लेकर आज से अभियान शुरू किया गया है, ताकि कुंभ में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को गुणवत्ता युक्त भोजन मिल सके। इसके लिए होटलों और रेस्टोरेंटों के साथ ही स्ट्रीट वेंडर्स को भी इस बारे में जागरूक किया जा रहा है

**बैठक**

अल्मोड़ा के जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने आज पेयजल निगम, जल संस्थान और सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और पेयजल योजनाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पेयजल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने, जल स्रोतों और आपूर्ति लाइनों की नियमित जांच कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मियों में पेयजल की मांग बढ़ जाती है, ऐसे में पहले से ही कार्ययोजना तैयार कर आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि पेयजल आपूर्ति से जुड़े कार्यों में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**बहुउद्दे□ीय स्वास्थ्य** शिविर

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ कार्यक्रम के तहत आज चम्पावत नगर पालिका परिसर में निःशुल्क बहुउद्देशीय स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में बाल रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, हृदय रोग और दंत रोग सहित विभिन्न रोगों के विशेषज्ञों ने 18 साल तक के बच्चों की निःशुल्क जांच कर उन्हें परामर्श व दवाइयां दीं। इसके अलावा बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी बनाए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान ने बताया कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रो के बच्चों को चिकित्सा के लिए एक मंच प्रदान करना है। साथ ही जिन बच्चो का ईलाज यहां नहीं हो सकता है, उन्हें अन्यत्र चिकित्सकीय सुविधा प्रदान करना है।

**किसान मेला**

पिथौरागढ़ जिले के बिण विकासखंड में आज किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर काश्तकारों को खेती की उन्नत तकनीकों की जानकारी देने के साथ ही विभिन्न कृषि उपकरण उपलब्ध कराए। पिथौरागढ़ के मुख्य कृषि अधिकारी अमरेंद्र चौधरी ने बताया कि किसान दिवस का उद्देश्य किसानों को एक मंच पर लाकर राज्य और केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना और उनकी समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करना है।

**जन–जन की सरकार**

चमोली जिले में नारायणबगड़ विकासखंड की न्याय पंचायत जाख पटायूं के चोपता क्षेत्र में आज जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार कार्यक्रम के तहत बहुउद्देशीय शिविर लगाया गया। ग्रामीणों को विभिन्न विभागीय स्टॉलों के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान 80 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 60 का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। इन शिकायतों में प्रमुख रूप से पेयजल, बिजली आपूर्ति, सड़कों की स्थिति और जंगली जानवरों से फसलों को हो रहे नुकसान से संबंधित समस्याएं शामिल रहीं। वहीं, जिले के ज्योतिर्मठ विकासखंड की न्याय पंचायत द्वीगतपोंण के टगणी–तल्ली में भी जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार कार्यक्रम के तहत बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने 18 शिकायतें दर्ज कराईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया।